# दीपावली विशेषांक



दीपावली व नूतन वर्ष के पावन पर्व पर सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को ढेर सारी शुभकामनाएं. दीपावली व भाई दूज के उपलक्ष्य में शुक्रवार से रविवार तक कार्यालय बंद रहेगा. अतः अगला अंक अब मंगलवार को प्रकाशित होगा. पाठकों की असुविधा के लिए खेद है.

--संपादक


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का

लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 204 | शुक्रवार, 1 नवंबर 2024 | 3 रुपए | पेज 16

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) Mobile.:- 9822045566

www.ulhasvikas.com


## उल्हासनगर में आयलानी-कालानी के सत्ता संघर्ष को

# इस बार नए चेहरे देंगे चुनौती

### नोटा का हो सकता है जमकर इस्तेमाल

### शहर की खस्ता हालत पर जनता बेबस

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर विधानसभा 141 क्षेत्र में जैसे जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं चुनावी माहौल गर्माता जा रहा है। शहर के उपेक्षित विकास और खराब प्रबंधन के कारण आगामी विधानसभा चुनाव सत्ताधारी और विपक्षी दलों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण होगा. 20 नवंबर 2024 को होने वाले चुनाव में उल्हासनगर शहर की खराब हालत को लेकर नागरिकों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है. ऐसे में शहरवासी क्या शहर विकास को चुनेंगे, या समाज को अथवा नोटा को यह तो आने वाला समय ही बताएगा।




इस जनाक्रोश से एक नए विकल्प को मौका मिलने की संभावना है. इस चुनाव में भाजपा से कुमार आयलानी, एनसीपी (शरद पवार) से ओमी कलानी, अपक्ष उम्मीदवार भारत राजवानी(गंगोत्री), वंचित बहुजन अघाड़ी से संजय गुप्ता, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना से भगवान भालेराव जैसे प्रमुख पुराने खिलाड़ी मैदान में हैं. इस बार सिंधी-गैर सिंधी उम्मीदवारों की भी चर्चाओं ने जोर पकड़ा हुआ है। इस बार गैर सिंधी उम्मीदवार जिसमें उत्तर भारतीयों का नेतृत्व करने वाले वंचित उम्मीदवार संजय गुप्ता और मनसे उम्मीदवार भगवान भालेराव ने कहा कि इस बार गैर सिंधी ही विधायक बनेगा। गुप्ता ने भी इस बार के चुनाव में गैर सिंधी उम्मीदवार को मौका देने की मांग की थी.



वहीं सभी समाज से जुड़े अपक्ष उम्मीदवार भारत गंगोत्री ने कहा कि आयलानी और कालानी पिछले कुछ दशकों से उल्हासनगर की राजनीति पर राज कर रहे हैं। 2009 और 2019 में कुमार आयलानी ने बीजेपी के टिकट पर जीत हासिल की. इसके उलट शहर में बढ़ती समस्याएं और असफल प्रशासन उनके खिलाफ गुस्सा बढ़ा रहा है। ऐसे में चेहरा बदलो तो ही शहर बदलेगा का नारा दिया है।

उल्हासनगर विधानसभा चुनाव में इस बार राजनीतिक मंच पर एक नया अध्याय खुल रहा है. शहर की राजनीति में वर्षों तक दबदबा रखने वाले आयलानी-कालानी परिवारों के सत्ता संघर्ष को इस बार नए चेहरों से जबरदस्त चुनौती मिली है।

#### राजनीतिक व्यवस्था में परिवर्तन होगा

जब शहर के भविष्य की बात आती है, तो उल्हासनगर के नागरिकों के पास एक नया विकल्प है: परिवर्तन की आशा, प्रगति का सपना और नए नेतृत्व की दिशा इस चुनाव में निर्णायक होगी। इस चुनाव में मतदाताओं की भूमिका सिर्फ मतदान तक ही सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह शहर की राजनीतिक व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन होगा.

## उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में फ्लाइंग स्क्वॉड की कार्रवाई

# उल्हासनगर में 17 लाख की नकदी जब्त






**उल्हासनगर.** विधानसभा आम चुनाव 2024 के तहत 141 उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता का पालन करने के लिए विभिन्न टीमें काम कर रही हैं, जिसके तहत फ्लाइंग स्क्वॉड नं. 06 ने 31 अक्टूबर की रात करीब 2 बजे बड़ी कार्रवाई की. कल्याण से मुरबाड (वाहन क्रमांक. MH05 DZ9911) यह वाहन गुजरते समय संदिग्ध प्रतीत होने पर इसकी जांच की गई। उस वक्त देखा गया कि उस गाड़ी में 17 लाख रुपये कैश थे. जब संबंधित ड्राइवर से पूछताछ की गई तो उसने कोई ठोस सबूत नहीं दिया. इसलिए, इस राशि को जब्त कर लिया गया है और आयकर विभाग को इसके बारे में सूचित किया गया है. इस मामले में गहन जांच चल रही है. उक्त जानकारी 141 उल्हासनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव रिटर्निंग अधिकारी विजयानंद शर्मा एवं सहायक चुनाव रिटर्निंग अधिकारी कल्याणी मोहिते द्वारा दी गई है.





PARADISE® GROUP
Your World. Our Vision.
ISO - 9001: 2015 Certified Organization
YOUR ARRIVAL IS A CELEBRATION
PHASE 1 - OC RECEIVED
₹82 LAKHS* ONWARDS
*T&C Apply
ACTUAL SHOT OF LOCATION
98330 90000
www.paradisegroup.co.in
2, 3 & 4 BHK LUXURY HOMES
SCAN QR CODE FOR PROJECTS' DETAILS
SAI WORLD LEGEND
KALYAN NX
A Magnificent G + 40 Storeyed Tower with G + 2 Commercial Premises
Luxurious 2, 3 & 4 BHK Apartments
Lavish Approx. 1,30,000 Sq. Ft. Podium and Recreational Amenities
G+2 Storeyed Road-facing Commercial Centre with Shopping Plaza
Grand Air - Conditioned Double Height Entrance Lobby in each Building
Ample Parking Space Across Ground, 1st & 2nd Podium level
MAGNIFICENT ENTRANCE LOBBY AND RESIDENTIAL FLOOR, READY FOR PREVIEW.
PARADISE® GROUP
Your World. Our Vision.
ISO - 9001: 2015 Certified Organization
98330 90000
www.paradisegroup.co.in | Email: enquiry@paradisegroup.co.in
Site & Sales Off.: Sai World Legend, Plot No. 6, 7 & 8, Ulhasnagar Camp No. 1, Kalyan Murbad Rd., Nr. Shahad Station, Ulhasnagar - 421 001
Corporate Office: 1701, Satra Plaza, Plot No. 19 & 20, Sector - 19D, Vashi, Navi Mumbai - 400 705
MAHARERA NO. PHASE 1 - P51700025002, PHASE 2 - P51700046767, https://maharera.mahaonline.gov.in
SCAN QR CODE FOR PROJECTS' DETAILS
Disclaimer: All the specifcation, design, facilities, dimensions, etc. are subject to the approval of the respective authorities & developers and would be changed if necessary. The discretion remains with the developers.

# 13 विधानसभा क्षेत्रों में बगावत का झंडा बुलंद

## ■ जिले में कुल 18 विधानसभा सीटें

**ठाणे.** ठाणे जिले के 18 विधानसभा क्षेत्रों में से 13 निर्वाचन क्षेत्रों में, एक ही पार्टी या सहयोगी दलों के उम्मीदवारों ने महायुति या महाविकास अघाड़ी के आधिकारिक उम्मीदवारों के खिलाफ विद्रोह कर दिया है। ठाणे शहर के पांच विधानसभा क्षेत्रों, ओवला-मजीवाड़ा, मुंब्रा-कलवा, डोंबिवली और शाहपुर में कोई बगावत नहीं है। चूंकि महायुति और महाविकास अघाड़ी में तीनों दलों में से प्रत्येक के उम्मीदवारों की संख्या अधिक है और पार्टियों के बीच कोई समन्वय नहीं है, इसलिए विद्रोह हुआ है। अब सभी पार्टियों के सामने 4 नवंबर से पहले बागी उम्मीदवारों को शांत करने की चुनौती है. 4 नवंबर के बाद यह साफ हो जाएगा कि वास्तव में कितने विधानसभा क्षेत्रों में कितने बागी रहते हैं।

### ■ कोपरी पाचपाखाड़ी

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ आनंद दिघे के भतीजे केदार दिघे उद्धव सेना से मैदान में उतरे हैं। यहां कांग्रेस के मनोज शिंदे ने निर्दलीय आवेदन दाखिल किया है. मविआ के मत विभाजन से एकनाथ शिंदे को फायदा हो सकता है.

### ■ ऐरोली, बेलापुर

गणेश नाइक (भाजपा) बनाम उद्धव सेना के एम.के. मढवी की लड़ाई के बीच शिंदेसेना के विजय चौगुले मैदान में कूद पड़े हैं. बेलापुर में, गणेश नाइक के बेटे संदीप हाल ही में शरद पवार गुट में शामिल हो गए और भाजपा की मंदा म्हात्रे के खिलाफ विद्रोह कर दिया। शिंदेसेना के विजय नहाटा ने निर्दलीय पर्चा भरा है.

### ■ कल्याण ग्रामीण

कल्याण ग्रामीण से मनसे के राजू पाटिल पिछला चुनाव जीते थे. लोकसभा में मनसे के बिना शर्त समर्थन का बदला चुकाने के लिए पाटिल के खिलाफ नामांकन दायर नहीं करने के भाजपा के दबाव के बावजूद शिंदेसेना के राजेश मोरे मैदान में कूद पड़े हैं।

### ■ कल्याण पूर्व और पश्चिम

बीजेपी ने कल्याण पूर्व से सुलभा गायकवाड़ को उम्मीदवारी दी. वहीं उद्धव सेना के धनंजय बोडारे लड़ रहे हैं, लेकिन शिंदेसेना के महेश गायकवाड़ (निर्दलीय) और कांग्रेस के सचिन पोटे (निर्दलीय) ने अपने आवेदन दाखिल किए हैं और दोनों आधिकारिक उम्मीदवारों का सिरदर्द बढ़ा रहे हैं। वहीं कल्याण पश्चिम में शिंदेसेना के विश्वनाथ भोईर के खिलाफ भाजपा उम्मीदवार नरेंद्र पवार और वरुण पाटिल ने आवेदन दायर किया। कांग्रेस के राकेश मुथा और राजाभाऊ पाटकर ने बगावत कर उद्धव सेना के सचिन बसरे की चिंता बढ़ा दी है.

### ■ उल्हासनगर

उल्हासनगर में बीजेपी के कुमार आयलानी और शरद पवार के ओमी कलानी आमने-सामने हैं, जबकि अजित पवार के भरत गंगोत्री भी मैदान में कूद पड़े हैं. जिससे एनसीपी अजित पवार के वोट बंटने का डर है.

### ■ अंबरनाथ, मुरबाड

अंबरनाथ में कांग्रेस पदाधिकारी सुमेध भवार ने बगावत कर दी है. मुरबाड में किसन कथोरे और सुभाष पवार के बीच मुकाबले में शरद पवार के ही शैलेश वडनेरे की बगावत से पार्टी की चिंता बढ़ गई है.

### ■ भिवंडी पूर्व, पश्चिम

भिवंडी पूर्व में, उद्धव सेना के रूपेश म्हात्रे ने सपा के रईस शेख के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं जबकि भिवंडी ग्रामीण में, भाजपा की स्नेहा पाटिल शिंदेसेना के शांताराम मोरे के खिलाफ मैदान में उतरीं। भिवंडी पश्चिम सीट पर कांग्रेस के विलास पाटिल ने कांग्रेस के दयानंद चोरघे के खिलाफ बगावत कर दी है. एमआईएम की ओर से जेल में बंद खालिद गुड्डु और वारिस पठान ने भी अर्जी दाखिल की है.

### ■ मीरा-भायंदर

मीरा-भायंदर में पिछला निर्दलीय चुनाव जीतने वाली गीता जैन और बीजेपी नेता नरेंद्र मेहता ने अर्जी दाखिल की है. बीजेपी ने ऐन वक्त में गीता जैन को किनारे कर मेहता को उम्मीदवार बनाया. तो जैन इस बार भी फिर से निर्दलीय मैदान में हैं. इसके अलावा बीजेपी के सुरेश खंडेलवाल (निर्दलीय), राकांपा अजित पवार के अरुण कदम (निर्दलीय) ने भी बगावत का सुर छेड़ दिया है.

# अंबरनाथ विधानसभा में होगी जोरदार टक्कर

## ■ किणीकर या वानखेड़े कौन रचेगा इतिहास?

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ विधानसभा में डॉ. बालाजी किणीकर और राजेश वानखेडे के बीच तगड़ा मुकाबला होने की संभावना है. शिवसेना विरुद्ध शिवसेना के बीच मुकाबला होना निश्चित है. देखना है कि 23 नवंबर को चौथी बार किणीकर विधायक बनते हैं या पहली बार वानखेड़े विधानसभा में कदम रखेंगे. 2014 के चुनाव में शिवसेना के किणीकर को 47 हजार और भाजपा के राजेश वानखेडे को 45 हजार के करीब वोट प्राप्त हुए थे. वानखेड़े केवल 2 हजार वोटों से हार गए थे. मतगणना के समय एक वक्त ऐसा भी आ गया था कि वानखेडे किणीकर से आगे चल रहे थे. आखिर में किणीकर की जीत हो गई थी.





शिवसेना उबाठा से 2024 के चुनाव में खड़े वानखेड़े का पक्ष इसलिए भी मजबूत देखा जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में उद्धव ठाकरे के पक्ष की निशानी मशाल को 58 हजार वोट प्राप्त हुए थे, जबकि मशाल के लिए प्रचार भी ज्यादा नहीं हुआ था. शिवसेना शिंदे के उम्मीदवार डॉ. बालाजी किणीकर और उनके पक्ष के शहर प्रमुख अरविंद वालेकर के बीच पांच वर्ष की दूरियां अभी 20 दिन पूर्व ही आधी दूरियां उनके नेताओं ने कम की थी. चर्चा इस बात की है कि क्या ये दूरियां इतनी जल्दी खत्म होगी. ये प्रश्न भी किणीकर को परेशानी का कारण बन सकता है. देखना है कि 23 नवंबर को क्या रिजल्ट सामने आता है. किणीकर को शहर में प्रचार भी शुरू हो चुका है तो राजेश वानखेडे अभी चुप हैं. कांग्रेस और उबाठा के कुछ नेताओं की नाराजगी वानखेडे को नुकसान पहुंचा सकती है.

# सूखा कचरा इकट्ठा करने के लिए केंद्र शुरू




**ठाणे.** मनपा स्वच्छ सर्वेक्षण मुहिम के तहत पुनर्निर्माण अभियान को लिया है।इस अभियान के अंतर्गत दीपावली पर्व पर जमा होने वाले सूखा कचरे को संकलित करने के लिए प्रकिया किया जायेगा।यह केंद्र मनपा व स्वयं सेवी संस्था के सहयोग से शुरू किया गया है यह 6 नवंबर तक चलेगा।दीपावली पर्व पर शहर स्वच्छ रहे इस उद्देश्य से इसका शुरुआत किया गया है।दीपावली पर तमाम गिफ्ट लोग एक दूसरे को देते हैं इसका कचरा बड़े पैमाने पर होता है।यह केंद्र हिरानंदानी इस्टेट, भूमी एकर, लोढा अमारा, हिरानंदानी वन, दोस्ती इम्पेरिया, सिद्धाचल, हिरानंदानी मेडोज जैसे बड़ी सोसायटीयों व डी मार्ट टिकुजीनी वाडी में सुखा कचरे का संकलन किया जायेगा।स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से लगभग 30 हजार घरों तक इस अभियान का संदेश पहुंचेगा।दीपावली पर लगभग 250 टन कचरा इकट्ठा होने की संभावना है।मनपा आयुक्त सौरभ राव ने नितीन कंपनी उड़ान पुल के नीचे मुख्य संकलन केंद्र पर जाकर जानकारी लिया।इस केंद्र का उद्घाटन मनपा अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोड़े के हाथों से किया गया।इस अवसर पर उपायुक्त (घनकचरा व्यवस्थापन) मनीष जोशी, सहायक आयुक्त महेश आहेर आदी उपस्थित थे।

# चिखलोली में अंबरनाथ नपा के आरक्षित भूखंड पर 20 दुकानों का अवैध निर्माण



## ■ मनसे ने की कार्रवाई की मांग

अंबरनाथ. अंबरनाथ नगर परिषद की गार्डन के लिए आरक्षित भूमि पर चिखलोली लोटस पॉइंट के सामने अवैध रूप से 20 बड़े दुकानों का अवैध निर्माण करके इन दुकानों को लाखों रुपयों में बेचने का काम भूमाफिया कर रहे हैं. इन अवैध दुकानों पर कार्रवाई करने की लिखित मांग मनसे अंबरनाथ शहर के उपाध्यक्ष एहसामुद्दीन खान उर्फ बबलू ने नपा मुख्याधिकारी से की है. ये शॉप कुछ लोगों को बेची भी गई है. और भी दुकानों को बेचने का काम शुरू है. जिसके कारण भोले-भाले लोग अपने जीवन की जमापूंजी इसमें लगा रहे हैं. इसलिए जल्द से जल्द इन अवैध बनी दुकानों पर कार्रवाई करने की मांग बबलू खान ने मुख्याधिकारी से की है.

मुख्याधिकारी ने भी अतिक्रमण विभाग के अधिकारी को इन अवैध दुकानों पर कार्रवाई करने को कहा है. कार्रवाई का आदेश देने के बाद भी अतिक्रमण विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने से बबलू खान ने आरोप लगाया है कि नगर परिषद के क्षेत्रीय अधिकारी के साथ आर्थिक व्यवहार किया गया है. आचार संहिता एवं चुनाव का बहाना करके अधिकारी कार्रवाई करने के लिए टालमटोल कर रहे हैं. इन अवैध बने दुकानों का फोटो भी बबलू ने मुख्याधिकारी एवं अतिक्रमण विभाग को दिया है.

STAFF REQUIRED
SINDHI MALE
Qualification
B.COM PASSED
For
ACCOUNTANT
&
For
SALESMAN
Qualification-
10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

उल्हास विकास




# ठाणे जिले महिला वोटरों की संख्या कम

## ■ 1000 पुरुषों के मुकाबले मात्र 876 महिला वोटर

**कल्याण.** राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान हो रहा है. इसमें ठाणे जिले के 18 निर्वाचन क्षेत्र भी शामिल हैं। जिले में 71 लाख 55 हजार 728 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. हालांकि, महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं की तुलना में कम है. जिले में प्रति 1000 पुरुषों पर औसतन 876 महिला मतदाता हैं। इनमें सबसे अधिक महिला मतदाता ओवला माजीवाड़ा निर्वाचन क्षेत्र में 2 लाख 52 हजार 357 अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी। महिला मतदाताओं की सबसे कम संख्या उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 30 हजार 349 है।

एक हजार आदमियों के पीछे महिला मतदाताओं की औसत संख्या शाहपुर निर्वाचन क्षेत्र में सबसे अधिक 963 महिला मतदाता हैं और भिवंडी पूर्व निर्वाचन क्षेत्र में सबसे कम 731 महिला मतदाता हैं। इसमें मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का ठाणे जिले का कोपरी पाचपाखाड़ी निर्वाचन क्षेत्र भी शामिल है।



### उल्हासनगर में सबसे कम महिला मतदाता

उल्हासनगर निर्वाचन क्षेत्र में सबसे कम 2 लाख 80 हजार 852 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 50 हजार 401 पुरुष मतदाता और 1 लाख 30 हजार 349 महिला मतदाता शामिल हैं। लेकिन ठाणे जिले के 18 निर्वाचन क्षेत्रों में औसतन 1000 पुरुष मतदाताओं के पीछे 876 महिला मतदाता हैं। इसमें शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 1000 पुरुषों के पीछे 963 महिला मतदाता शामिल हैं. जबकि भिवंडी पूर्व निर्वाचन क्षेत्र में यह संख्या सबसे कम है और यहां प्रति 1000 पुरुषों पर महिला मतदाताओं की औसत संख्या 731 है.

पंद्रहवीं विधानसभा चुनाव के लिए मतदाताओं की संख्या हाल ही में ठाणे जिला प्रशासन की ओर से घोषित की गयी. मतदाताओं को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। इसमें महिला पुरुष सहित अन्य वर्ग के मतदाता शामिल हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान चलाये गये सतत मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम के तहत मतदाताओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई. लोकसभा चुनाव में जिले में मतदाताओं की संख्या 68 लाख 01 हजार 244 थी. इसके बाद आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त समीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम के तहत मतदाता पंजीकरण से 4 लाख 78 हजार 891 नये मतदाता बढ़े हैं। ठाणे जिले के 18 विधानसभा क्षेत्रों में 71 लाख 55 हजार 728 मतदाता हैं। इनमें 38 लाख 13 हजार 264 पुरुष, 33 लाख 41 हजार 70 महिलाएं, 1 हजार 394 और भी वोटर हैं. इसमें 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 1 लाख 65 हजार 597 है. दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 37 हजार 854 है, जबकि 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 57 हजार 209 है. ओवला माजीवाड़ा सीट पर सबसे ज्यादा 5 लाख 40 हजार 293 मतदाता हैं. इसमें पुरुष मतदाता 2 लाख 87 हजार 913 जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 2 लाख 52 हजार 357 है.



# दिवाली के दिन कांग्रेस को बड़ा झटका

- रवि राजा का पार्टी से इस्तीफा
- BJP में हुए शामिल

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बीच दिवाली के दिन कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है. कांग्रेस नेता रवि राजा ने पार्टी से इस्तीफा देने के बाद बीजेपी की दामन थाम लिया है.

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में रवि राजा बीजेपी में शामिल हो गए हैं. इस मौके पर मुंबई बीजेपी के अध्यक्ष आशीष शेलार भी मौजूद थे. रवि राजा को बीजेपी ने मुंबई का उपाध्यक्ष बनाया है.



### कांग्रेस के और भी नेता होंगे बीजेपी में शामिल- फडणवीस

इस मौके पर देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस के बड़े अनुभवी नेता बीजेपी में प्रवेश करने वाले हैं. मुझसे अभी नाम न पूछें, समय आएगा तो नाम पता चल जाएगा. जिन लोगों ने मुंबई में कांग्रेस को बनाए रखा था, ऐसे रवि राजा के बीजेपी में आने से विधानसभा चुनाव में बहुत फायदा होगा. साथ ही उन्होंने माहिम सीट को लेकर बड़ा बयान दिया. उन्होंने कहा, हम माहिम विधानसभा क्षेत्र में राज ठाकरे को समर्थन देने का तरीका तलाश रहे है. हमें उम्मीद है कि जल्द ही कोई समाधान निकलेगा. जहां तक उत्तर भारतीय लोगों में राज ठाकरे के विरोध का सवाल है, हमने लोकसभा चुनाव के दौरान ही स्पष्ट कर दिया था कि राज ठाकरे ने हिंदुत्व का रास्ता अपनाया है. बता दें कि रवि राजा मुंबई कांग्रेस के काफी पुराने चेहरों में से एक थे. दावा है कि सीटों के बंटवारे को लेकर रवि राजा नाराज चल रहे थे. उन्हें मुंबई के सायन कोलीवाड़ा विधानसभा सीट से विधानसभा चुनाव लड़ना था. लेकिन, वहां से मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड के करीबी माने जाने वाले गणेश यादव को टिकट दिया गया है.

# पुलिस ने जेष्ठ नागरिक के साथ मनाई दीवाली



**भिवंडी.** भिवंडी शहर में दीपावली पर्व उत्साहपूर्वक धूमधाम से मनाया जा रहा है.शहर की तमाम प्रमुख बाजारों में घरेलू सामान खरीदारी की भीड़ देखी गई.पुलिस जवानों ने भिवंडी शहर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक कृष्णदेव खराडे द्वारा सीनियर सिटीजन के साथ दीपावली मनाई गई. शहर पुलिस स्टेशन में हिंदू, मुस्लिम समाज के सीनियर नागरिकों को आमंत्रित कर मिठाई देकर दीपावली पर्व की शुभेच्छा दिया.

भिवंडी शहर में सर्वधर्म समभाव जातीय एकता की मजबूती की खातिर भारी संख्या में लोगों ने भाग लेकर त्यौहार मनाया और बधाई दी.

# राज ठाकरे का बड़ा ऐलान, महायुति की सरकार का हिस्सा होगी MNS

**मुंबई.** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। चुनाव में अब काफी कम समय बाकी रह गया है। सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी चुनावी तैयारियों में लगे हुए हैं। महाराष्ट्र में मुख्य मुकाबला महायुति यानी भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी और महा विकास अघाड़ी यानी कांग्रेस, एनसीपी (शरद चंद्र पवार) और शिवसेना (यूबीटी) के बीच है। हालांकि, अब महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (MNS) के प्रमुख राज ठाकरे ने भी बड़ा ऐलान किया है। राज ठाकरे ने कहा है कि MNS चुनाव के बाद भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का हिस्सा होगी।

### राज ठाकरे ने क्या कहा?

एक निजी चैनल से बात करते हुए महाराष्ट्र नव निर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने कहा कि मुझे लगता है कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी से होगा और हम साथ होंगे। राज ठाकरे ने ये बयान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उस घोषणा के तुरंत बाद दिया है जिसमें फडणवीस ने मुंबई की माहिम सीट के लिए उनके बेटे अमित ठाकरे का समर्थन करने का ऐलान किया है।



### क्या बोले फडणवीस?

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा है कि बीजेपी का रुख स्पष्ट है कि हमें अमित ठाकरे का समर्थन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीएम की इच्छा थी कि हम अमित ठाकरे के खिलाफ कोई उम्मीदवार नहीं उतारें, लेकिन कई नेताओं का मानना था कि अगर उम्मीदवार नहीं उतारा तो वोट शिवसेना (यूबीटी) को जा सकते थे। इसलिए हमने सदा सरवणकर को मैदान में उतारा।



# AIMIM ने उतारे 14 मुस्लिम उम्मीदवार

## महाविकास आघाड़ी में जारी है घमासान

**मुंबई.** महाराष्ट्र में एक ही चरण में 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं. इसको लेकर राज्य में चुनावी सरगर्मियां जोरों पर हैं. ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) राज्य में 14 सीटों पर चुनाव लड़ रही है. पार्टी ने राज्य में नामांकन के आखिरी दिन 29 अक्टूबर को इसका ऐलान किया. AIMIM पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने ऑफिशियल हैंडल पर पार्टी की तरफ से पोस्ट कर इसकी जानकारी दी.

## AIMIM ने दिया टिकट

सोशल मीडिया पोस्ट के मुताबिक पार्टी ने औरंगाबाद पूर्व सीट से सैयद इम्तियाज जलील को, औरंगाबाद सेंट्रल से नासिर सिद्दीकी को, धुले सीट से फारूक शाह अनवर को, मालेगांव सेंट्रल से मुफ्ती इस्माइल कासमी को, भिवाड़ी वेस्ट सीट से वारिस पठान को, भायखला सीट से फैयाज अहमद खान को, मुंब्रा कलवा सीट से सैफ पठान को, वर्सोवा सीट से रईस



लश्करिया को, सोलापुर सीट से फारूक शबदी को, मिराज [एससी] सीट से महेश कांबले, मुर्तिजापुर [एससी] सीट से सम्राट सुरवाडे को, नांदेड़ दक्षिण सीट से सैयद मोइन को, कुर्ला [एससी] सीट से बबीता कनाडे, करंजा मनोरा सीट से मोहम्मद यूसुफ तो प्रत्याशी बनाया है.

## मुसलमान उम्मीदवारों पर हंगामा

आपको बता दें कि जहां AIMIM ने महाराष्ट्र चुनाव में ज्यादातर मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिया है वहीं महाविकास अघाड़ी (MVA) गंठबंधन पर इल्जाम है कि उसने बहुत कम मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिया है. महाराष्ट्र के कांग्रेस के नेता यूसुफ अब्राहनी ने तो MVA की सहयोगी शिवसेना UBT का बॉयकॉट करने का आह्वान कर दिया. उनके मुताबिक मुसलमानों ने लोकसभा चुनाव में MVA को वोट दिया लेकिन इस चुनाव में गठबंधन मुसलमानों को टिकट नहीं दे रहा है.

## भाजपा ने उतारा कैंडिडेट

ख्याल रहे कि राज्य में एक ही चरण में हो रहे चुनाव में 20 नवंबर को मतदान होगा और नतीजों की घोषणा 23 नवंबर को होगी. इससे पहले सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उन चार निर्वाचन क्षेत्रों की सूची जारी की है, जिसे वह अपने कोटे से राज्य में अपने सहयोगियों के साथ साझा कर रही है. इसमें केंद्रीय मंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के अध्यक्ष रामदास अठावले की पार्टी का नाम भी शामिल है. इस ताल्लुक से भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने पत्र जारी किया है. भाजपा की तरफ से जारी किए गए पत्र में लिखा है, ₹भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र प्रदेश इकाई के अनुरोध पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्णय के अनुसार सहयोगी दलों के प्रत्याशी विधानसभा चुनाव लड़ेंगे.₹







T&C APPLIED
Shri Jairaj Kalyani
(Chairman)
JEWEL BUILDERS
A SIGNATURE OF TRUST
39
YEARS OF
EXCELLENCE
Wishing you a very Happy Diwali
1BHK
STARTING FROM
₹30.99 LACS
Sample Flat Ready
AB HOGA
AAPKA KALYAN
JEWEL VISTAZ LAUNCHED IN YOUR OWN SMART CITY
10 MINS FROM KALYAN STATION
JEWEL VISTAZ
FIRST TIME IN KALYAN EAST
RECREATIONAL AREA
ON 15TH FLOOR
IMAGE USED FOR REPRESENTATION PURPOSES ONLY
JEWEL VISTAZ
KALYAN EAST
15th Floor Clubhouse
KDMC Approved
Balcony Homes
ADIVALI - DHOKALI, OFF. MALANG ROAD, KALYAN EAST
RERA REGISTRATION NO : P51700052410
JEWEL BUILDERS
A SIGNATURE OF TRUST


माँ लक्ष्मी जी की कृपा से आप
सभी के जीवन में सुख-समृद्धि,
उन्नति एवं खुशहाली आये।
शुभ दीपावली
नए भारत के निर्माण में अपना योगदान दें,
मतदान जरूर करें
बुधवार, 20 नवंबर 2024
डॉ. प्रकाश नाथानी
MBBS
पूर्व नगरसेवक, उल्हासनगर मनपा
अध्यक्ष- आईएमए, उल्हासनगर
डॉ. नीना नाथानी
MD
पूर्व नगरसेविका, उल्हासनगर मनपा
पूर्व अध्यक्ष- डीपीटी-उल्हासनगर


HAPPY Diwali
दिनेश लहरानी
अध्यक्ष - यूटीए - 5
नए भारत के निर्माण में अपना योगदान दें,
मतदान जरूर करें
बुधवार, 20 नवंबर 2024
JVA JEANS VYAPARI ASSOCIATION


|| SAI VASAN GHOT KI JAI ||
AKS
DEVELOPERS
OUR SPECIALITIES - BUILDER RCC &
ALL TYPES OF REPAIRING WORKS
AMIT SUKHRAMANI
9921 919 374 / 7887 679 679
Ground Floor, Kings Plaza, Mahesh Sukhramani Office
Behind Jhulelal Trust School, Ulhasnagar - 421 002.
दीपावली के अवसर पर
सभी देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएँ
नए भारत के निर्माण में अपना योगदान दें,
मतदान जरूर करें
बुधवार, 20 नवंबर 2024
श्री महेश सुखरामानी
कार्याध्यक्ष, महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी
अमित सुखरामानी
भवन निर्माता


दिवाली के पावन पर्व पर
सभी देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
MUKESH
Punwani
Social Worker
नए भारत के निर्माण में अपना योगदान दें,
मतदान जरूर करें
बुधवार, 20 नवंबर 2024

# राहुल 6 नवंबर से शुरू करेंगे महाराष्ट्र में इलेक्शन कैंपेन

- **मुंबई में विपक्ष कॉमन गारंटी जारी करेगा**
- **शरद पवार और उद्धव मौजूद रहेंगे**

**मुंबई.** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 6 नवंबर से महाराष्ट्र में विपक्षी खेमे के चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे। इस दिन वे मुंबई में महा विकास अघाड़ी (MVA) की एक संयुक्त रैली में शामिल होंगे।

रैली में एनसीपी (SCP) प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (UBT) चीफ उद्धव ठाकरे मौजूद रहेंगे। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने बताया कि तीनों नेता कॉमन गारंटी भी जारी करेंगे।

वहीं बारामती में मीडिया से बातचीत में शरद पवार ने कहा कि 6 नवंबर को मुंबई से विपक्ष का चुनाव अभियान शुरू होगा। MVA लोगों का समर्थन हासिल करने के लिए एक कॉमन मिनिमम प्रोग्राम भी जारी करेगा।



पवार बोले- 10-12 सीटों पर विपक्ष के बीच फ्रेंडली फाइट पवार ने राज्य की कुछ सीटों पर विपक्ष के नेताओं के फ्रेंडली फाइट होने पर कहा-केवल 10-12 सीटें ऐसी हैं, जहां एमवीए के दो उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि हम अगले कुछ दिनों में समाधान ढूंढ लेंगे और मुद्दे को सुलझा लेंगे।

संजय राउत बोले- राज ठाकरे बेटे के भविष्य के लिए PM की प्रशंसा कर रहे शिवसेना (UBT) के राज्य सभा सांसद संजय राउत ने गुरुवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) प्रमुख राज ठाकरे पर निशाना साधा। राउत ने कहा- राज ठाकरे अपने बेटे अमित ठाकरे के पॉलिटिकल करियर के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह की प्रशंसा कर रहे हैं।

राउत ने कहा कि ठाकरे कभी प्रधानमंत्री मोदी और शाह को महाराष्ट्र में आने से रोकने की बात करते थे। आज अचानक ऐसा क्या हुआ कि वे उनकी तारीफ कर रहे हैं। हम समझ सकते हैं कि उनके बेटे माहिम से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके अपने बेटे के भविष्य की चिंता सता रही है।

महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटें हैं। महा विकास अघाड़ी (MVA) के बीच सीटों के बंटवारे का मामला अभी भी साफ नहीं हुआ है। हालांकि कांग्रेस फिलहाल सबसे ज्यादा 103 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। उसके बाद शिवसेना (UBT) 89 और एनसीपी (SCP) को 87 सीटें दी गई हैं। 6 सीटें अन्य छोटी पार्टियों को और तीन पर कुछ भी तय नहीं हो पाया है।

## कोपरी पूर्व में पुलिस ने किया रूट मार्च



**ठाणे.** विधानसभा चुनाव 2024 का विगुल बज गया है।चुनावी मैदान में किसी भी तरह की कोई घटना नही हो इसमें पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है।शहर में कानून व्यवस्था रखने के लिए पुलिस की जिम्मेदारी है।नागरिक निर्भीक रहे इस दृष्टि से कोपरी पुलिस ने रूटमार्च का आयोजन किया।ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे के आदेशानुसार शहर में रुट मार्च किया जा रहा है।कोपरी गाव कमान,मुख्य वनसंरक्षक कार्यालय चौक, आनंद नगर बोगदा, कमल मेडिकल, कल्याण केंद्र, राष्ट्रवादी जनसंपर्क कार्यालय, गांधीनगर,हनुमान मंदिर आदि जगहों पर किया गया।इसमें सहायक पुलिस आयुक्त हेमंत शिंदे, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक निशिकांत विश्वकार,पुलिस निरीक्षक संजय नलावडे व 16 पुलिस कर्मियों सहित सीआयएसएफ के तीन अधिकारी 50 जवान शामिल थे।

## 3 बांग्लादेशी अरेस्ट

**मुंबई:** एटीएस ने 3 बांग्लादेशी अवैध अप्रवासियों को गिरफ्तार किया है, जो आईएमओ ऐप, व्हाट्सएप और फेसबुक के माध्यम से अपने देश में अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के संपर्क में पाए गए। सूत्रों के अनुसार, एटीएस नवी मुंबई इकाई को सूचना मिली थी कि कुछ अवैध बांग्लादेशी अप्रवासी तलोजा में रह रहे हैं। पुलिस की एक टीम ने तीन अप्रवासियों - शोजिब शेख, अमीना उर्फ रानी शेख और रेशमा ज़मान मुल्ला को रोका, जिन्होंने पहचान के तौर पर अपना आधार कार्ड प्रस्तुत किया।



मनपा मुख्यालय स्थित स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल सभागृह में स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि व स्वर्गीय सरदार वल्लभभाई पटेल के जयंती मनाई गई।इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा पर मनपा उपायुक्त जी. जी. गोदेपुरे के हाथ से पुष्पहार अर्पण किया गया।इसके साथ ही राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में शपथ ग्रहण भी किया गया।इस अवसर पर जनसंपर्क अधिकारी रवींद्र मांजरेकर सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।








नए भारत के निर्माण में
अपना योगदान दें,
मतदान जरूर करें
बुधवार, 20 नवंबर 2024
दीपावली के अवसर पर
सभी देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री जमनू पुरस्वानी
चुनाव प्रमुख, उल्हासनगर 141 विधानसभा
कल्याण लोकसभा संसदीय क्षेत्र
पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष, उल्हासनगर
पूर्व गट नेता, पूर्व उप महापौर,
पूर्व नगरसेवक पैनल-2
खूबचंद पैलेस, बै.नं. 33, साईबाबा मंदिर के पास, उल्हासनगर-421001. मो : 96655 22776


दिवाली का त्योहार लाए खुशियों की सौगात,
मां लक्ष्मी करें आपके जीवन में सदा सुख-समृद्धि की बरसात।
नए भारत के निर्माण में
अपना योगदान दें,
मतदान जरूर करें
बुधवार, 20 नवंबर 2024
श्रीमती जया प्रकाश माखीजा
पूर्व सभापति स्थायी समिति, उमनपा
पूर्व भाजपा नगरसेविका पैनल 6
श्री प्रकाश माखीजा
कोषाध्यक्ष - उल्हासनगर भाजपा
पूर्व नगरसेवक व स्थायी समिति अध्यक्ष उमनपा

# यह छोटी उपलब्धि नहीं, जवानों की बहादुरी से मिली सफलता

## चीन के साथ समझौते पर बोले राजनाथ सिंह



**तेजपुर.** भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर पेट्रोलिंग को लेकर सहमति बनने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे एक बड़ी उपलब्धि करार दिया। उन्होंने कहा कि देश ने लंबे प्रयासों के बाद यह सफलता हासिल की है। बुधवार को असम के तेजपुर स्थित मेघना स्टेडियम में सेना के जवानों के साथ बातचीत करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, ₹मैं सभी को बधाई देना चाहता हूं क्योंकि हाल ही में सीमा को लेकर एक महत्वपूर्ण विकास हुआ है। भारत और चीन के बीच कई वर्षों से कूटनीतिक और सैन्य स्तर पर बातचीत चल रही थी, और अंततः हम सफलता तक पहुंच पाए हैं।₹

उन्होंने जवानों की बहादुरी और समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा, ₹यह छोटी उपलब्धि नहीं है। हमने यह मील का पत्थर आपके (सेना के जवानों की) साहस और कर्तव्यनिष्ठा के कारण हासिल किया है। चीन के साथ बातचीत तभी संभव हो पाई जब हर किसी ने आपकी वीरता और बहादुरी को पहचाना।₹ रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि भारत अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध रखना चाहता है, लेकिन जरूरत पड़ने पर वह अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए संघर्ष भी करेगा।

बुधवार को भारतीय सेना के सूत्रों ने बताया कि पूर्वी लद्दाख के देपसांग और डेमचोक क्षेत्रों में भारत और चीन के बीच सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गई है। भारत, अप्रैल 2020 के पूर्व की स्थिति को बहाल करने के लिए इस विवाद को हल करने की दिशा में काम कर रहा था। 21 अक्टूबर को भारत ने एलएसी पर पेट्रोलिंग के लिए चीन के साथ एक समझौता किया, जिससे पिछले चार सालों से चल रहा सैन्य गतिरोध समाप्त हो गया।

# ट्रेन के टॉयलेट में पाए गए यात्री तो नहीं चलेगी गाड़ी!

### ■ दिवाली और छठ पर रेलवे का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली.** भारतीय रेलवे ने इस साल दीपावली एवं छठ पर्व पर देश के पूर्वी भाग की ओर यात्रा करने वाले साधारण श्रेणी के यात्रियों को गरिमापूर्ण मानवीय दशा में यात्रा सुलभ कराने के लिए पहली बार अनेक पहलें कीं हैं ताकि उन्हें सुरक्षित एवं आरामदेह तरीके से गंतव्य तक पहुंचाया जा सके। अगर यात्री ट्रेन के टॉयलेट में बैठकर सफर करते हुए पाए गए तो गाड़ी नहीं चलेगी।

रेलवे के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार साधारण श्रेणी के यात्रियों के लिए इस साल 7296 विशेष ट्रेनें चलाने की योजना बनाई गई है। ये गाड़ियां एक अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच मांग को देखते हुए चलाई जाएंगी। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 2023 में विशेष गाड़ियों की संख्या करीब 4500 थी जबकि वर्ष 2014 के पहले यह संख्या एक हजार के आसपास रहता था।

सूत्रों के अनुसार इस साल के त्योहारी सीज़न में पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार एवं झारखंड की ओर लगभग एक करोड़ लोग रोज़ाना यात्रा कर रहे हैं जिनमें से 22 से 23 लाख आरक्षित श्रेणियों में यात्रा कर रहे हैं जबकि शेष अनारक्षित साधारण श्रेणी के गरीब यात्री हैं।



सूत्रों ने कहा कि रेलवे ने नई दिल्ली, आनंद विहार आदि राजधानी क्षेत्र के स्टेशनों पर कम से कम एक होल्डिंग एरिया बनाया है। इसमें साधारण श्रेणी के यात्रियों को रोका जाता है। उनके भोजन एवं पानी का इंतज़ाम भी किया जा रहा है। गाड़ी प्लेटफॉर्म पर लगने एवं गेट खुलने के बाद ही उन्हें स्टेशन के अंदर लाया जा रहा है और गाड़ी की यात्री वहन क्षमता के हिसाब से उतनी ही संख्या में यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर लाया जाता है जितने गाड़ी में सवार हो सकें। इसके बाद गाड़ी के गेट बंद करके गाड़ी को रवाना किया जाता है और बाकी यात्रियों को दूसरी गाड़ी में सवार कराया जाता है।

इतना ही नहीं, रेलवे के अधिकारी यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि यदि यात्री शौचालय में पाए जाते हैं तो गाड़ी को चलने नहीं दिया जाएगा। यात्रियों के शौचालय के खाली करने पर ही गाड़ी को चलने का सिग्नल दिया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि दीपावली के दिन गुरुवार 31 अक्टूबर को रेलवे पूर्वी भारत के विभिन्न स्थानों के लिए 164 और अगले दिन शुक्रवार एक नवंबर को 167 विशेष गाड़ियों का परिचालन करेगी।

## 1.02 करोड़ मूल्य की कोकीन जब्त

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई टाउनशिप में पुलिस ने 35 वर्षीय एक अफ्रीकी नागरिक को उसके कब्जे से 1.02 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन जब्त करने के बाद गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक गुप्त सूचना के आधार पर नवी मुंबई पुलिस की मानव तस्करी निरोधक सेल की टीम ने उल्वे इलाके में एक हाउसिंग सोसाइटी के फ्लैट पर छापा मारा। पनवेल टाउन पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बताया कि टीम ने पश्चिम अफ्रीका के गिनी के रहने वाले व्यक्ति के पास से 412 ग्राम कोकीन जब्त की और उसे गिरफ्तार कर लिया।





# देश को 'अर्बन नक्सलों' की पहचान करनी होगी

## एकता दिवस पर अनुच्छेद-370 पर भी बोले प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर गुजरात में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' पर पुष्प अपर्ति कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 'अर्बन नक्सल' पर हमला बोला। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत के बाहर और अंदर कुछ ताकतें देश को अस्थिर करने के लिए काम कर रही हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार का विजन राष्ट्रीय एकता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 'एक राष्ट्र, एक कर' प्रणाली लाई है और अनुच्छेद 370 को समाप्त कर जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किया है। पीएम मोदी ने कहा कि देश को अर्बन नक्सल की पहचान करनी होगी।

पीएम मोदी ने कहा, ₹पिछली सरकारों की भेदभावपूर्ण नीतियों और इरादों ने राष्ट्रीय एकता को कमजोर किया। पिछले 10 वर्षों में नए शासन मॉडल ने भेदभाव को समाप्त कर दिया है। हमने सबका साथ सबका विकास का मार्ग चुना है। इस दृष्टिकोण ने लोगों के बीच असंतोष को समाप्त किया है और विकास योजनाओं में उनका विश्वास बढ़ाया है।₹

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक पहचान' का प्रतिनिधित्व करने वाले आधार की चर्चा वैश्विक स्तर पर हो रही है। उन्होंने कहा, ₹हम जीएसटी के माध्यम से 'एक राष्ट्र, एक कर' प्रणाली लाए। हम आयुष्मान भारत के माध्यम से 'एक राष्ट्र, एक स्वास्थ्य बीमा' योजना लाए। अब हम 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की दिशा में काम कर रहे हैं जो लोकतंत्र को मजबूत करेगा और संसाधनों का अधिकतम उपयोग करेगा। भारत 'एक राष्ट्र, एक नागरिक संहिता' की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है।₹

उन्होंने कहा कि देश को खुशी है कि आजादी के 70 साल बाद 'एक राष्ट्र, एक संविधान' का संकल्प पूरा हुआ है। यह सरदार साहब को मेरी सबसे बड़ी श्रद्धांजलि है। 70 साल तक बाबा साहब अंबेडकर का संविधान पूरे देश में लागू नहीं हुआ।

पीएम मोदी ने कहा, ''संविधान का नाम जपने वालों ने इसका बहुत अपमान किया। इसका कारण जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की दीवार थी। अनुच्छेद 370 को हमेशा के लिए दफना दिया गया है। पहली बार इस विधानसभा चुनाव में बिना भेदभाव के मतदान हुआ। पहली बार वहां के मुख्यमंत्री ने भारत के संविधान की शपथ ली है। इस दृश्य ने भारतीय संविधान के निर्माताओं को बहुत संतोष दिया होगा। उनकी आत्मा को शांति मिली होगी। यह संविधान निर्माताओं को हमारी विनम्र श्रद्धांजलि है।₹

# महाराष्ट्र चुनाव से पहले मक्का-मदीना पहुंचे जीशान सिद्दीकी

### ■ बोले- पिता के बिना पहला उमरा



**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अजीत गुट के उम्मीदवार जीशान सिद्दीकी चुनाव के पहले उमरा करने के लिए पहुंचे। अपने पिता बाबा सिद्दीकी हत्या के बाद जीशान का यह पहला चुनाव है और पोस्ट के जरिए जीशान ने बताया कि उनके पिता के बिना यह उनका पहला उमरा भी है। बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद कांग्रेस विधायकर जीशान का टिकट पार्टी ने काट दिया था, जिसके बाद जीशान ने अजीत गुट का दामन थामा और पार्टी ने भी तत्काल उन्हें उनकी सीट से टिकट दे दिया।

नामांकन फार्म भरकर उमरा करने पहुंचे जीशान ने एक भावुक सोशल मीडिया पोस्ट भी किया। उन्होंने लिखा कि साल 1999 में पापा के पहली बार विधायक चुने जाने के पहले और 2019 में मेरे विधायक चुने जाने तक मैं और पापा हमेशा चुनाव के पहले उमरा करते थे। हम दोनों नामांकन के बाद साथ में मक्का-मदीना आते थे। पापा के बिना यह मेरा पहला उमरा होगा। लेकिन आज जैसे ही मैं जेद्दा एयरपोर्ट पर उतरा तो कुछ स्थानीय लोगों ने मुझे पहचानते हुए मुझसे फोटो निकलवाने के लिए कहा। उन्होंने मुझे बताया कि वह मेरे पिता के फैन है। यही दुनिया भर का प्यार और सम्मान ही तो है, जो मेरे पिता ने कमाया था।

जीशान सिद्दीकी हाल ही में अजीत गुट में शामिल हुए हैं। पार्टी ने उन्हें बांद्रा ईस्ट सीट से टिकट दिया है। 2019 में कांग्रेस के टिकट पर इसी सीट से चुनकर आए जीशान के पिता ने भी कुछ समय पहले अजीत गुट का दामन थाम लिया था। महा विकास अघाड़ी में कांग्रेस उनकी सीट को बचाने में नाकामयाब रही। बांद्रा ईस्ट की सीट शिवसेना उद्धव गुट को दे दी गई, जिसके बाद जीशान ने कांग्रेस का साथ छोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने महाविकास अघाड़ी पर अपने पिता की मौत का राजनैतिक फायदा उठाने का आरोप लगाया।


दीपावली की सभी शहरवासियों को हार्दिक बधाई

نوجیون کو آپریٹو بینک لمیٹیڈ

Nav Jeevan CO-OP. BANK LTD.

Head Office: Bhawani Saw Mills Compound, Ulhasnagar-3.
Phone (STD) : 0251-2572101:2568541/Fax 2567523
www.navjeevanbank.com Email : navjeeevanbank@gmail.com

नए भारत के निर्माण में अपना योगदान दें,
मतदान जरूर करें
बुधवार, 20 नवंबर 2024

SERVICES AVAILABLE

THE NAVJEEVAN CO.OP. BANK LTD.
ESTD : 1985

Features and Services of Bank
- Different types of Deposits Schemes with Attractrive Deposits Rates.
- All types of Loans & Advances facilities with Competitive Rate.
- 24x7 NEFT/RTGS Services.
- Safe and Secure Mobile Banking Service with NEFT and RTGS Services.
- Franking Service in Ulhasnagar and Thane.
- Insurance Service through corporate Partners

Upcoming Service
Blocking & Unblocking ATM cards through SMS.

# नए नोटों में नक्शे पर भारत के हिस्से को अपना दिखाएगा नेपाल

**काठमांडू.** पड़ोसी देश नेपाल के नए नोटों को लेकर विवाद खड़ा होता नजर आ रहा है। नेपाल के सेंट्रल बैंक, नेपाल राष्ट्र बैंक (एनआरबी) ने एक चीनी कंपनी को अपने नए 100 रुपये के बैंक नोटों को छापने का काम सौंपा है। इन नोटों में नेपाल का संशोधित राजनीतिक मैप शामिल है। इस नक्शे में नेपाल ने लिंपियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी के विवादित क्षेत्रों को अपना बताया है।

खबरों के मुताबिक नेपाल की कैबिनेट ने इस डिजाइन अपडेट को मंजूरी दे दी है। गौरतलब है कि 18 जून 2020 को संविधान में संशोधन कर नेपाल ने राजनीतिक नक्शे में इन क्षेत्रों को शामिल किया था। उस वक्त भारत ने इस कदम पर कड़ा विरोध जताया था। भारत ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा भारत का अभिन्न हिस्सा हैं।



गौरतलब है कि इन बैंक नोटों को छापने का ठेका चाइना बैंकनोट प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉर्पोरेशन को दिया गया है। टाइम्स ऑफ इंडिया ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि इस समझौते के तहत चीनी फर्म को 100 रुपये के नोटों की 300 मिलियन इकाइयों को डिजाइन करने, छापने, आपूर्ति करने और वितरित करने का काम सौंपा गया है। इसकी अनुमानित उत्पादन लागत लगभग 9 मिलियन अमरीकी डॉलर है।

2020 में नेपाल के नक्शे में आधिकारिक बदलाव ने भारत और नेपाल के बीच लंबे समय से चल सीमा विवाद को और भड़का दिया था। भारत ने नक्शे में बदलाव को बचकाना कहा था और चेतावनी दी थी कि क्षेत्रीय दावों का कोई भी कृत्रिम विस्तार स्वीकार्य नहीं होगा। भौगोलिक दृष्टि से नेपाल भारत के पांच राज्यों से सीमा साझा करता है। इनमें सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ 1,850 किलोमीटर की सीमा शामिल है।

# पंजाब में लोकल नेटवर्क बना रहे खालिस्तानी

## पाकिस्तान भी कर रहा फंडिंग

खालिस्तानी समूहों की नई रणनीति को लेकर सुरक्षा एजेंसियां काफी चौकन्ना हैं। एनआईए जांच के दौरान पता चला है कि खालिस्तानी समूह पंजाब में कश्मीर की तर्ज पर अपने स्थानीय मददगारों का नेटवर्क तैयार करने में जुटे हैं, जिससे वे अपने अस्थिरता के प्लान को क्रियान्वित कर सकें। कनाडा और पाकिस्तान में बैठे खालिस्तानी आतंकियों के निर्देश पर स्थानीय मोड्यूल में युवाओं की भर्ती की जा




रही है। सुरक्षा एजेंसियों ने आतंकियों की योजना को नेस्तनाबूत करने की रणनीति को लेकर काउंटर प्लान तैयार किया है।

सूत्रों ने कहा स्थानीय मोड्यूल के जरिये व्यापारियों से बड़े पैमाने पर जबरन वसूली की योजना बनाई गई है। इस पैसे के माध्यम से खालिस्तान आंदोलन की मुहिम को मजबूत करने की कोशिश विदेशों में बैठे आतंकी आका कर रहे हैं।

## भारत में बब्बर खालसा इंटरनेशनल

बीकेआई और उसके कार्यकर्ताओं के लिए धन जुटाने की साजिश का खुलासा एनआईए कई अलग-अलग मामलों में कर चुकी है। सूत्रों ने कहा कि स्थानीय मददगारों के जरिये ही पाकिस्तान सीमा से ड्रग और हथियारों की खेप पंजाब में भेजने की मुहिम चलाई जा रही है। पाकिस्तान सीमा से ड्रोन के जरिये हथियार और ड्रग भेजने में भी ये खालिस्तानी आतंकी शामिल हैं।

## विदेशों से हो रही फंडिंग

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी (आईएसआई) खालिस्तान समर्थक आतंकियों व पंजाब में सक्रिय गैंगस्टरों का सहारा ले रही है। सूत्रों ने कहा कि पंजाब में सक्रिय गैंगस्टरों के जरिये लोकल मोड्यूल या स्थानीय मददगारों को विदेश से फंडिंग हो रही है। पाकिस्तान में छिपा आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा और कनाडा में बैठा आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू पंजाब में अपने नेटवर्क को बढ़ाने की मुहिम चला रहे हैं।

# मोदी ने 11वीं बार जवानों के बीच दीपावली मनाई

**गांधीनगर.** पीएम मोदी ने आज गुरुवार को गुजरात के कच्छ पहुंच सीमा सुरक्षा बल, सेना, नौसेना और वायुसेना के जवानों के साथ मनाई। यहां उन्होंने बीएसएफ,आर्मी, नेवी और एयरफोर्स के जवानों को मिठाई खिलाई।

पीएम मोदी 11 साल में सबसे ज्यादा 4 बार जम्मू-कश्मीर में जवानों के बीच पहुंचे। इससे पहले पीएम मोदी सरदार वल्लभभाई पटेल की 149वीं जयंती और एकता दिवस के मौके पर गुजरात के केवड़िया में स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पहुंच सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने एक्स पर लिखा, "भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी जयंती पर मेरा प्रणाम। देश की एकता और संप्रभुता की रक्षा उनके जीवन की सर्वोच्च प्राथमिकता थी। उनका व्यक्तित्व और कार्य हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।"

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित परेड में भाग लिया और भारतीय वायुसेना के सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम के एयर शो में भी मौजूद रहे ।



गणेश जी से मिले बुद्धि का वरदान,
लक्ष्मी जी से मिले धन-संपदा का दान।
यही कामना है हमारी, इस दिवाली
पाएं आप सुख-समृद्धि और मान सम्मान।






मतदान जरूर करें
बुधवार, 20 नवंबर 2024

# एड. प्रकाश कुकरेजा

राष्ट्रीय अध्यक्ष :
प्रजा कृपा पार्टी

सोच बदलो,
शहर बदलो

एडवोकेट हाई कोर्ट
Former Municipal Secretary
Dy. Commissioner (Octroi)
Dy. Commissioner (Octroi)
Law Officer
ULHASNAGAR MUNICIPAL CORPORATION

Office :-

## PINNACLE KUKREJA'S

Shop No.2, Hari Om Apartment, Blk C-33/R-123, 124, Opp Chopda Court,
Ulhasnagar- 421003. Ph. 0251-2701718 M. 9422073950



हर घर में हो रोशनी,
न हो किसी के घर में सूनी दिवाली।
हर घर में आएं खुशियां,
हर घर में मने खुशियों भरी दिवाली।




मतदान जरूर करें
बुधवार, 20 नवंबर 2024

शुभ दीपावली

# महंत तेजनारायणदास बाबा

समाज सेवक


लक्ष्मी आएगी इतनी की सब जगह नाम होगा,
दिन रात व्यपार बड़े इतना अधिक काम होगा,
घर परिवार समाज में बनोगे सरताज,
ये ही कामना है हमारी आप के लिए...
दीपावली
की आप सभी को
अजित सिंग के
परीवार की ओर से
हार्दिक शुभकामनाएँ
श्री. अजित सिंग लबाना
जनरलसेक्रेटरी उल्हासनगर शहर भाजपा
Mob.: 9322779522
Happy Diwali
सौ. मीना कौर अजित सिंग लबाना
पुर्व नगरसेविका उ.म.पा.
गुरदिप सिंग (बॉक्सर भाई)
समाजसेवक
Mob.: 7666939223
मनोज सिंग
भावी नगरसेवक
Mob.: 95189 90605
नए भारत के निर्माण में अपना योगदान दें,
मतदान जरूर करें
बुधवार, 20 नवंबर 2024


दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोहर (मन्नू) रामचंदानी
उद्योगपति एवं समाजसेवक
KOHINOOR GROUP
Shirdi
संतोष मन्नू रामचंदानी
निर्माता-निर्देशक (भावना फिल्म्स)
केसरी
saffron
नए भारत के निर्माण में अपना योगदान दें,
मतदान जरूर करें
बुधवार, 20 नवंबर 2024

# ठाणे जिले में भी समान नाम का 'खेल'

## 4 निर्वाचन क्षेत्रों में मुख्य उम्मीदवारों से मिलते-जुलते नाम वाले भी चुनाव मैदान में

**अंबरनाथ.** पिछले कुछ सालों में मुख्य प्रत्याशियों से मिलते-जुलते नाम वाले प्रत्याशी मैदान में उतारकर और भ्रम पैदा कर वोटों को बांटने का खेल लगातार किया जा रहा है. विधानसभा चुनाव के मौके पर बेलापुर, कल्याण पूर्व, अंबरनाथ और मुरबाड विधानसभा क्षेत्रों में भी ऐसी ही स्थिति देखी गई है। बेलापुर में संदीप नाइक, मंदा म्हात्रे, मुरबाड विधानसभा में एनसीपी शरद पवार पार्टी के सुभाष पवार और अंबरनाथ विधानसभा में शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे के उम्मीदवार राजेश वानखेड़े जैसे नाम वाले उम्मीदवार मैदान में हैं। कल्याण पूर्व में महेश गायकवाड़ नाम के दो उम्मीदवार भी मैदान में हैं।

समान नाम वाले उम्मीदवार को खड़ा करने और उम्मीदवार को हराने की प्रथा पिछले कई चुनावों में रही है। ऐसे भी मामले सामने आए हैं जहां वोटों के बंटवारे के कारण उम्मीदवार हार गए। चूंकि यह चाल लगातार चल रही है, ऐसा पिछले कई चुनावों से देखा जा चुका है। इस बार के चुनाव में भी ठाणे जिले के चार निर्वाचन क्षेत्रों में समान नाम


महेश गायकवाड़


राजेश वानखेड़े

वाले उम्मीदवार सामने आए हैं। दिलचस्प बात यह है कि चारों सीटों पर कड़ी टक्कर होने की संभावना है। इसमें संदीप प्रकाश नाइक, जिनका नाम संदीप गणेश नाइक से मिलता-जुलता है, बेलापुर में निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं. मंदा संजय म्हात्रे, जिनका नाम भाजपा की आधिकारिक उम्मीदवार मंदा विजय म्हात्रे से मिलता-जुलता है, निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ रही हैं। वहीं, मुरबाड विधानसभा क्षेत्र में कड़ी टक्कर है। यहां निवर्तमान विधायक किसन कथोरे को एनसीपी शरद पवार की पार्टी के सुभाष पवार चुनौती दे रहे हैं। यहां सुभाष शांताराम पवार, जिनका नाम सुभाष गोटीराम पवार से मिलता-जुलता है, भी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं. इसलिए, पवार का वोट बांटने का ये पैंतरा चर्चा का विषय बन गया है.

वहीं पड़ोसी अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र में शिवसेना के उद्धव बालासाहेब ठाकरे समूह से राजेश अभिमन्यु वानखेड़े चुनाव लड़ रहे, वहीं उनके समान नाम वाले राजेश देवेंद्र वानखेड़े भी स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। राजेश वानखेड़े अंबरनाथ के वर्तमान विधायक बालाजी किणीकर के खिलाफ मैदान में उतरे हैं. 2014 के चुनाव में वानखेड़े महज कुछ वोटों से हार गए थे. इसलिए कहा जा रहा है कि यह मिलते-जुलते नाम वाले निर्दलीय उम्मीदवारों को मैदान में उतारकर वानखेड़े के वोटों को बांटने की चाल है.

# महाराष्ट्र में होगा शुरू BJP का ताबड़तोड़ कैंपेन

- PM मोदी की 8, गडकरी की 40, योगी की 15 रैलियां...

**मुंबई.** महाराष्ट्र में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं. बीजेपी ने चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और अन्य बड़े नेता महाराष्ट्र में कई ताबड़तोड़ जनसभाएं करेंगे.

प्रधानमंत्री मोदी पश्चिमी महाराष्ट्र, विदर्भ, मुंबई-कोंकण, नॉर्थ महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में कुल आठ रैलियां करेंगे. सूबे में सबसे ज्यादा जनसभाएं देवेंद्र फडणवीस, नितिन गडककरी और चंद्रशेखर बवांकुले करेंगे. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराष्ट्र में कुल 15 जनसभाएं करेंगे.



महाराष्ट्र में 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिवसेना, शरद पवार की एनसीपी ने मिलकर महाविकास अघाड़ी का गठन किया था. इस बार के महाराष्ट्र चुनाव में मुकाबला पार्टियों के बजाय दो गठबंधनों के बीच देखने को मिलेगा. सत्तारूढ़ महायुति और महाविकास अघाडी आमने-सामने होंगे.

दरअसल, महायुति में भाजपा, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी शामिल हैं. इस बार के विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन (MVA) महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के अपने प्रदर्शन को दोहराना चाहेगी, जिसमें उसे महायुति पर बढ़त हासिल हुई थी.

### 20 नवंबर को चुनाव

महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे. नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे. पिछले चुनाव में बीजेपी को 105, शिवसेना को 56, एनसीपी को 54 और कांग्रेस को 44 सीटें मिली थीं. हालांकि, चुनाव के बाद शिवसेना एनडीए से अलग हो गई और उसने एनसीपी-कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बना ली. शिवसेना के उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बने. जून 2022 में शिवसेना में आंतरिक कलह हो गई. इसके बाद एकनाथ शिंदे ने पार्टी के 40 विधायकों को तोड़ दिया. एकनाथ शिंदे बीजेपी के समर्थन से मुख्यमंत्री बन गए. अब शिवसेना दो गुटों में बंट चुकी है. शरद पवार की एनसीपी भी दो गुट- शरद पवार और अजित पवार में बंट गई है.

### किसकी कितनी जनसभाएं होंगी?

| | |
|---|---|
| पीएम नरेंद्र मोदी | 8 |
| अमित शाह | 20 |
| नितिन गडकरी | 40 |
| देवेंद्र फडणवीस | 50 |
| चंद्रशेखर बवांकुले | 40 |
| योगी आदित्यनाथ | 15 |

# राज्य में सबसे अमीर प्रत्याशी हैं पराग शाह

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई है. सभी उम्मीदवारों के हलफनामे दाखिल हो गई हैं और संपत्ति का ब्योरा भी सामने आ गया है. इसी के साथ मालूम चला है कि महाराष्ट्र के सबसे अमीर उम्मीदवार घाटकोपर पूर्व सीट से बीजेपी के पराग शाह हैं. चुनावी हलफनामे के मुताबिक, उनकी संपत्ति 3383.06 करोड़ की है.



हैरानी की बात यह है कि बीजेपी उम्मीदवार पराग शाह की संपत्ति पिछले पांचस साल में 575 फीसदी बढ़ी है. साल 2019 के विधानसभा चुनाव में उनकी प्रॉपर्टी 550.62 करोड़ थी.

### 2 करोड़ से ज्यादा का कैश

हलफनामे में पराग शाह ने जानकारी दी है कि उनके पास 1 करोड़ 81 लख रुपये नगद है और उनकी पत्नी के पास 1.30 करोड़ रुपये कैश है. वहीं, पराग शाह ने 7783981 रुपये का इन्वेस्टमेंट किया है और पत्नी के नाम पर 8.65 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश है.

### 43 करोड़ रुपये की देनदारी

चुनाव आयोग को सबमिट किए गए एफिडेविट में लिखा है कि पराग शाह पर 43.29 करोड़ से ज्यादा का लोन है. वहीं, उनकी पत्नी पर भी 10.85 करोड़ से ज्यादा का कर्ज है. एफिडेविट में यह भी बताया गया है कि पराग शाह के पास कोई गाड़ी नहीं है.

# फडणवीस बोले- बागी उम्मीदवारों की समस्या हर पार्टी में

- हमें उन्हें मनाना होगा, चुनाव न लड़ने को कहा जाएगा
- दावा- 150 बागी प्रत्याशी मैदान में

**मुंबई.** महाराष्ट्र के डिप्टी CM देवेंद्र फडणवीस ने माना कि महाराष्ट्र विधानसभा में इस बार बागी उम्मीदवारों की संख्या बहुत अधिक है। यह समस्या हर पार्टी में है। हमें उन्हें मनाना होगा।

मुंबई में 30 अक्टूबर को पत्रकारों से बात करते हुए फडणवीस ने कहा, 'हमारी कोशिश रहेगी कि बागी नेताओं को चुनाव से हटने के लिए राजी किया जाए। जब महायुति समन्वय समिति की घोषणा हुई थी तो तीनों पार्टियों के प्रतिनिधियों ने हर विधानसभा क्षेत्र में इसी तरह की समितियां बनाईं। इन कमेटियों का मकसद था कि जिन लोगों को टिकट नहीं मिल रहा है, उन्हें बागी न होने के लिए राजी किया जा सके। हालांकि, ऐसा लगता है कि कमेटियां काम नहीं कर रही हैं।'



### 6 पार्टियां चुनाव मैदान में, लगभग हर सीट पर बागी

शिवसेना और NCP में बगावत के चलते इस बार कांग्रेस, भाजपा समेत छह बड़े दल मैदान में हैं। इसी वजह से बागी भी ज्यादा हैं। राज्य की लगभग हर सीट पर बागी हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इनकी संख्या 150 से ज्यादा है। अब सबकी निगाह अब नाम वापसी की आखिरी तारीख, 4 नवंबर पर है। उसके बाद ही पता चलेगा कि लड़ाई कैसी होगी। इस बार 7,995 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। आखिरी दिन 4,996 ने पर्चे भरे।

### भाजपा ने 148 और कांग्रेस ने 103 सीटों पर उम्मीदवार उतारे

महायुति और MVA ने नामांकन खत्म होने के बाद भी सीट बंटवारे का फॉर्मूला नहीं बताया। प्रत्याशी देखें तो महायुति में 148 उम्मीदवारों के साथ भाजपा और MVA में 103 के साथ कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है। दोनों पार्टियां 2019 के विधानसभा चुनाव से कम सीटों पर लड़ रही हैं। भाजपा ने पिछली बार 164 तो कांग्रेस ने 147 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। वहीं, शिवसेना-शिंदे ने 80, NCP-अजित ने 53, शिवसेना- उद्धव ने 89, NCP- शरद ने 87 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित किए हैं। पिछले चुनाव में शिवसेना (अविभाजित) और NCP (अविभाजित) 124-124 सीटों पर लड़ी थीं। इन सबके अलावा इस बार महायुति ने 5 सीटें सहयोगी पार्टियों के लिए छोड़ी हैं। दूसरी तरफ MVA के छोटे सहयोगी दल 6 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। महायुति की 2 और MVA की 3 सीटों पर अभी भी स्थिति साफ नहीं है।

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया.
आर.एन.आई. नं. 43638/85 Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099